Title: Re: Need to make National Institute of Advanced Manufacturing Technology, Ranchi, an institute of national importance.

श्री संजय सेठ (राँची): महोदय, राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची की स्थापना भारत सरकार के द्वारा रांची में यूनेस्को के सहयोग से 1966 में की गई । इसका मुख्य उद्देश्य मेटल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में कुशल मैन पावर उपलब्ध कराना था । इस तरह की शैक्षणिक गतिविधियों वाला यह देश का एकमात्र संस्थान है । पिछले 50 वर्षों में इस संस्था ने देश-विदेश में विभिन्न स्तरों पर काम करके अलग पहचान बनाई है ।

देश के मेटल मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में हो रहे विस्तार के लिए इस संस्थान की संभावनाओं को देखते हुए इसे NITSER एक्ट के तहत लाने की प्रक्रिया आरंभ हुई । इसके लिए समिति का गठन हुआ । 2019-20 में NITSER एक्ट में शामिल करने की अनुशंसा भी हो गई परंतु दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि यह कार्य नहीं हो सका । राष्ट्रीय स्तर का यह संस्थान झारखंड स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ एफिलिएटेड है । इस वजह से इसके शैक्षणिक संभावनाओं और कैरियर संबंधी गतिविधियों को लेकर विद्यार्थी सशंकित हैं । इन्हें कई प्रकार की - बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है ।

मेरा आग्रह है कि इस ऐतिहासिक संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाए। इसकी स्वायत्तता के लिए काम हो ताकि प्रधानमंत्री जी के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे विजन को सार्थक बना, उसे धरातल पर उतारा जा सके ।